प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 रविवार** **दिनांक 23.03.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल छत्तीसगढ़ आएंगी–वे राजधानी रायपुर में आयोजित विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगी।

2– बीजापुर जिले में बाईस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–इनमें से छह माओवादियों पर ग्यारह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

3– दंतेवाड़ा में एक से तीन अप्रैल तक संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता होगी–उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पंचायत स्वयं को माओवाद से मुक्त घोषित करेगी, उसे एक करोड़ रूपये तक के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी।

4– कोरबा जिले के कोसदई गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत–तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>राष्ट्रपति दौरा</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल चौबीस मार्च को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगी। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगी।

**<u>माओवादी आत्मसमर्पण/माओवादी सामग्री</u>**

बीजापुर जिले में आज दो महिला सहित बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेन्डन यार्क ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में से छह पर कुल ग्यारह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इस बीच, सुकमा जिले में मरकनगुड़ा और मेटागुड़ा जंगल की पहाड़ियों से सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद की है। इसमें नौ बंदूक, बीजीएल और अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल हैं।

**<u>आईईडी विस्फोट</u>**

अभी–अभी प्राप्त समाचार के अनुसार बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में माओवादियों ने आईईडी विस्फोट किया है। यह विस्फोट बीजापुर–भोपालपट्नम राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरसठ पर किया गया है। इस विस्फोट से सड़क पर
करीब पांच फीट का गड्ढा बन गया है।

इस विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के दो जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज मद्देड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

## उपमुख्यमंत्री–बीजापुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बीजापुर में आयोजित "बस्तर पंडुम" जिला स्तरीय समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एक से तीन अप्रैल तक संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्री और देश–विदेश से विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पंचायत अपने क्षेत्र को माओवाद से मुक्त घोषित करेगी, उसे तत्काल एक करोड़ रुपये तक के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही वहां बिजली, मोबाइल नेटवर्क और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
अपने बीजापुर प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बीती बीस मार्च को हुई मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जवानों से रक्षित केंद्र पहुंचकर मुलाकात की और उनके द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन की सराहना की। इस मुठभेड़ में चौदह महिला सहित छब्बीस माओवादी मारे गए थे। इस मौके पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।
वहीं, श्री शर्मा ने बीजापुर स्थित पुनर्वास केन्द्र में आत्मसमर्पित माओवादियों से भी संवाद किया। इस पुनर्वास केन्द्र में अट्ठाईस आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री और अन्य विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री–"बिहार–तिहार स्नेह मिलन"

"एक भारत–श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत कल भिलाई में बिहार राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर "बिहार–तिहार स्नेह मिलन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्य एक–दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। "एक भारत–श्रेष्ठ भारत" अभियान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भाषायी, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियां कम होती हैं।

## आकाशीय बिजली–मौत/मौसम

कोरबा जिले के कोसगई गांव में आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है। और अधिक जानकारी दे रही हैं, हमारी कोरबा संवाददाता राजश्री गुप्ते।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के दौरान बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, जशपुर, कोरबा और रायगढ़ जिलों के कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इसके अलावा रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बलरामपुर, बालोद, राजनांदगांव और सरगुजा जिलों के कुछ स्थानों पर भी हल्की वर्षा हो सकती है।

## दुर्घटना

बलरामपुर जिले में आज हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के चिरई घाट में उस वक्त हुआ है, जब एक तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल से जा रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## विनोद कुमार शुक्ल–ज्ञानपीठ सम्मान

राज्यपाल रमेन डेका ने हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखन विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान की घोषणा पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ल ने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री शुक्ल को सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

**<u>कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान–हीलिंग सेंटर</u>**

कभी नक्सली हिंसा की वजह से सुर्खियों में रहने वाला छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला अब देश के पर्यटन मानचित्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। बस्तर में जिला प्रशासन स्थानीय लोगों की आमदनी बढ़ाने और पर्यटकों को किफायती दरों पर रहने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होम स्टे को प्रोत्साहन दे रहा है। इसके अलावा जनजातीय संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराया जा रहा है। अब बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में होम स्टे नेचुरोपैथी और सेल्फ हीलिंग सेंटर की सुविधा भी विकसित की जा रही है।
पेश है हमारे बस्तर संवाददाता संतोष वर्मा की यह रिपोर्ट –

**<u>अग्निवीर भर्ती–परिणाम</u>**

छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में छह सौ अस्सी उम्मीदवारों का चयन अग्निवीर जीडीए, तकनीकी और ट्रेडमेन के लिए हुआ है। इस भर्ती परीक्षा में छह हजार सात सौ छब्बीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। चयनित अभ्यर्थियों को कल चौबीस मार्च को सुबह साढ़े छह बजे रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। इन सभी अभ्यार्थियों का प्रशिक्षण एक मई से शुरू होगा।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**
**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– आज शहीद दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन किया है।

– केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से प्याज निर्यात पर बीस प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है।

– राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र कल चौबीस मार्च तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>